Birla White

ADITYA BIRLA
UltraTech

# इंटीरियर हो या एक्सटीरियर, टेक्स्टुरा हमेशा सुपीरियर !

**किफायती दाम | विभिन्न कलर | एकाधिक विभिन्न डिज़ाइन**




***20 kg और 25 kg में उपलब्ध***




# ट्रॉवेल फिनिश

बिरला व्हाइट टेक्स्टुरा ट्रॉवेल फिनिश को रस्टिक फिनिश भी कहा जाता है. यह सुदृढ फिनिश है, जो बाहरे दीवारों के लिए बेहद उपयुक्त है. इसका विशेष फॉर्मूलेशन मौसम की मार से इसे सुरक्षित रखता है. अपने घर को मनचाही इंटरनेशनल अपील देने के लिए आप कई वैरायटी के शेड्स और टेक्सचर्स से चुन सकते हैं. ट्रॉवेल फिनिश को फिनिश कॉन्क्रीट आदि से से सीमेंट प्लास्टर पर लगाया जा सकता है. और यह जलरोधी होने के कारण आप गीली सतह पर भी प्रयोग कर सकते हैं. सीमेंट आधारित होने के बावज़ूद यह एडहेशिव स्ट्रेंथ (जुड़ाव मज़बूती) देता है और बिना तराई के भी काम करता है. आप पाएंगे ऐसी फिनिश जो आपकी बाहरी दीवारों के लिए आदर्श है.

## तकनीकी मापदंड

| क्र. सं. | तकनीकी मापदंड | विशेषताएँ | परीक्षण विधी |
|---|---|---|---|
| 1 | *कवरेज (Sq.m/kg/coat) [आदर्श चिकनी सतह पर] | 0.33-0.42 | इन हाउस |
| 2 | भंडारण अवधि (घंटे) | 1.5 - 2.0 | इन हाउस |
| 3 | तनन मज़बूती @28 दिन (N/mm2) | ≥0.5 | EN 1348 |
| 4 | वॉटर कैपिलरी एब्सोर्प्शन (मिली), 30 मिन @28 दिन) | ≤0.60 | कार्स्टेन ट्युब |
| 5 | बल्क डेंसिटी (g/cm3) | 1.3 - 1.7 | इन हाउस |

* यह मूल्य चिकनी सतह पर है, हाँलाकि सतह की बनावट के अनुसार यह बदल सकता है.

# प्रयोग विधि:



**1. सतह की तैयारी:**

- उपयुक्त एमरी पेपर, पुट्टी ब्लेड या वायर ब्रश की मदद से सतह पर चिपकी धूल, मैल व तेल जैसी सभी अनावश्यक चीजें हटा लें.
- ट्रॉवेल फिनिश प्रयोग करने से पहले छेद, टेढापन और दरारों जैसे दोषों को भर दें.



**2. सतह भिगोना (प्री वेटिंग):**

कॉन्क्रिट/ प्लास्टर सतह पर 'ट्रॉवेल फिनिश' लगाने से पहले उसे भिगोना बहुत ज़रूरी है. ताकि बेहतरीन चिकनापन, कार्यशीलता कवरेज और सतह के साथ ज्यादा जुड़ाव मजबूती मिले.



**a. मिश्रण अनुपात:**

एकसमान पेस्ट बनाने के लिए 22 से 25% साफ़ पानी मिलाएँ. जिससे अधिक कवरेज और चिकनी एकसमान शेड मिले. उतनी ही मात्रा तैयार करें, जितनी पानी मिलाने के बाद 1-2 घंटे में इस्तेमाल हो जाए.



**b. प्रयोग प्रक्रिया**

- 2-3 मिमी मोटाई तक सामग्री लगाएँ और अतिरिक्त सामग्री (मटीरियल) निकाल लें, ताकि एकसमान सतह मिले.
- सतह को 5-10 मिनट तक सूखने दें.
- डिजाइन बनाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल (कन्नी) प्रयोग करें.



**प्रयोग प्रक्रिया**
डिजाइन बनाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल (कन्नी) प्रयोग करें.






वर्टिकल (खड़ी) टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को ऊपर से नीचे की ओर घुमाएँ.

**वर्टिकल फिनिश**
**BWTF1001**






क्रॉस टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को दाएँ से बाएँ और बाएँ से दाएँ तिरछा चलाएँ.

**क्रॉस फिनिश**
**BWTF1002**





प्लस माइनस टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को खड़ा ऊपर से नीचे और आड़ा दाएँ से बाएँ चलाएँ.

**प्लस-माइनस फिनिश**
**BWTF1003**






रैन फॉल टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को ऊपर से नीचे की ओर दाएँ से बाएँ तिरछा चलाएँ.

**रैन फॉल फिनिश**
**BWTF1004**





हॉरिजेंटल (आड़ी) टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को खड़े दाएँ से बाएँ या बाएँ से दाएँ चलाएँ.

**हॉरिजेंटल फिनिश**
**BWTF1005**





स्वर्ली टेक्सचर्ड फिनिश पाने के लिए फाइबर ट्रॉवेल को रेंडम गोलाकार वृत्त मूवमेंट में चलाएँ.

**स्वर्ली फिनिश**
**BWTF1006**

- सतह को **10-12** घंटे सूखने दें, उसके बाद ही पेंट/ डिस्टेम्पर लगाएँ.
- ऊपर दिए चित्रो के अनुसार पेंट कलर लगाएँ या अंतिम फिनिश पाने के लिए पेंट की कोई भी वांछित कलर पसंदगी चुनें.




# रोलर/ स्प्रे फिनिश

बिरला व्हाइट टेक्स्टुरा स्प्रे/ रोलर फिनिश एक हल्की-फुल्की और ख़ुशनुमा फिनिश है, जो इंटीरियर्स के लिए बहुत उपयुक्त है. यह आपकी दीवार को इतना शानदार बनाता है कि पूरे कमरे को आकर्षक पेंटिंग की ख़ूबसूरती मिल जाती है. अपने इंटीरियर्स को मनचाहा लूक देने के लिए आप यह रंगों, शेड्स और सुपर स्मूद फिनिश की वैरायटी प्रयोग कर सकते हैं. यह फिनिश गीली दीवारों पर भी प्रयोग की जा सकती है. और अन्य एक्रिलिक आधारित उत्पादों के विपरित, रोलर फिनिश में है अतिरिक्त एडहेशिव स्ट्रेंथ, जो मौसम के प्रभावों को रोकता है. इसके अलावा, सीमेंट आधारित होने के बावज़ूद इसे किसी भी तरह की तराई की ज़रूरत नहीं है.

## तकनीकी मापदंड

| क्र. सं. | तकनीकी मापदंड | विशेषताएँ | परीक्षण विधी |
|---|---|---|---|
| 1 | *कवरेज (Sq.m/kg/coat) [आदर्श चिकनी सतह पर] | डिज़ाइनर रोलर फिनिश: 0.56-0.3<br>स्पॉन्ज रोलर फिनिश: 0.74-1.1<br>स्प्रे फिनिश: 1.34-1.86 | इन हाउस |
| 2 | भंडारण अवधि (घंटे) | 1.5 - 2.0 | इन हाउस |
| 3 | तनन मज़बूती @28 दिन (N/mm2) | ≥0.5 | EN 1348 |
| 4 | वॉटर कैपिलरी एब्सोर्प्शन (मिली), 30 मिन @28 दिन) | ≤0.60 | कार्स्टेन ट्युब |
| 5 | बल्क डेंसिटी (g/cm3) | 0.9 - 1.1 | इन हाउस |

* यह मूल्य चिकनी सतह पर है, हाँलाकि सतह की बनावट के अनुसार यह बदल सकता है.

## प्रयोग विधि:



### 1. सतह की तैयारी:

- उपयुक्त एमरी पेपर, पुट्टी ब्लेड या वायर ब्रश की मदद से सतह पर चिपकी धूल, मैल व तेल जैसी सभी अनावश्यक चीजें हटा लें.
- टेक्स्टुरा रोलर/स्प्रे फिनिश प्रयोग करने से पहले छेद, टेढापन और दरारों जैसे दोषों को भर दें.



### 2. सतह भिगोना (प्री वेटिंग):

कॉन्क्रिट/ प्लास्टर सतह पर टेक्स्टुरा रोलर फिनिश लगाने से पहले उसे भिगोना बहुत ज़रूरी है. ताकि बेहतरीन चिकनापन, कार्यशीलता, कवरेज और सतह के साथ ज्यादा जुड़ाव मजबूती मिले.



### 3. टेक्स्टुरा रोलर एवँ स्प्रे फिनिश

विभिन्न फिनिश के लिए एकसमान पेस्ट बनाने के लिए निर्धारित पानी के अनुपात में टेक्स्टुरा-आरएफ को पूरी तरह मिलाएँ. जिससे अधिक कवरेज और चिकनी एकसमान शेड मिले. उतनी ही मात्रा तैयार करें, जितनी पानी मिलाने के बाद **1-2** घंटे में इस्तेमाल हो जाए.


## स्पॉन्ज रोलर:



**हनी कॉम्ब फिनिश**
**BWRF3004**



- **40-45%** पानी मिलाएँ.
- एकसमान पेस्ट बनाने के लिए **40-45%** पानी के अनुपात में टेक्स्टुरा-आरएफ को पूरी तरह मिलाएँ. जिससे अधिक कवरेज और चिकनी एकसमान शेड मिले.
- साफ़ पानी से स्पॉन्ज को भिगो लें और तैयार किए पेस्ट में डूबोकर सीधे ही सतह की दीवार पर लगाएँ, ताकि वांछित पैटर्न मिले.
- मनचाहे डिजाइन पैटर्न के लिए तैयार सतह पर सीधे ही स्पॉन्ज रोलर को दोहराएँ.
- सतह को **10-12** घंटे सूखने दें, उसके बाद ही पेंट/ डिस्टेम्पर लगाएँ.
- अंतिम फिनिश पाने के लिए ऑफ़ व्हाइट पेंट (चित्र में दिखाए अनुसार) या अपनी पसंद का कोई और वांछित पेंट लगाएँ.



# डिजाइनर रबर रोलर





**एलिगेटर फिनिश**
**BWRF3001**





**सीमलेस सर्कल रोलर**
**BWRF3002**






**वुड ग्रैन फिनिश**
**BWRF3003**

- एकसमान पेस्ट बनाने के लिए **32-36%** पानी के अनुपात में टेक्स्टुरा-आरएफ को पूरी तरह मिलाएँ. जिससे अधिक कवरेज और चिकनी एकसमान शेड मिले.
- रोलर के अनुसार तैयार सतह पर ट्रॉवेल की मदद से **1-3** मिमी मोटाई में सामग्री (मटीरियल) लगाएँ.
- एकसमान सतह और बेहतर डिजाइन स्पष्टता के लिए लगाई गई सामग्री को ट्रॉवेल की मदद से लेवल करें.
- रोलर क़े आसान मूवमेंट के लिए कम से कम **5-10** मिनट सतह को सोखने (आधा सूखने) दें.
- साफ़ पानी से डिजाइनर रोलर को गीला करके प्रयुक्त सतह पर वांछित डिजाइन अनुसार प्रयोग करें.
- सीमलेस सर्कल रोलर, वुडग्रैन फिनिश रोलर, एलिगेटर फिनिश रोलर (चित्र में दिखाए) या बाजार में उपलब्ध कोई भी वांछित डिजाइनर रोलर चुनिए.
- सतह को **10-12** घंटे सूखने दें, उसके बाद ही पेंट/ डिस्टेम्पर लगाएँ.
- अंतिम फिनिश पाने के लिए अपनी पसंद का कोई और वांछित पेंट का कलर लगाएँ.

# स्प्रे फिनिश



बबल स्प्रे फिनिश
**BWSF2001**

- ब्रश या सपाट रोलर से बिरला व्हाइट प्राइमर का एक कोट लगाएँ.
- बेस कोट के रूप में प्राइमर पर किसी कलर स्टैनर (जैसेकि चित्र में नीला पेंट) के साथ ब्रश या रोलर द्वारा टेक्स्टुरा आरएफ मटीरियल (**45-50%** पानी के साथ मिक्स) का एक कोट लगाएँ.
- बेस कोट सतह को **3-4** घंटे सूखने दें.
- **42-50%** पानी मिलाकर बिरला व्हाइट स्प्रे फिनिश टेक्स्टुरा तैयार करें और ग्राहक की पसंद (जैसेकि चित्र में पीला पेंट) के कलर स्टैनर कि वांछित मात्रा मिलाएँ, ताकि मटीरियल तैयार हो (एकसमान मिक्स करें).
- एकसमान मिक्सिंग के बाद प्रयुक्त मटीरियल पर एयरलेस स्प्रे गन की मदद से सतह के ऊपर से नीचे तक मटीरियल प्रयोग करें और एकसमान व मनचाही डिजाइन पाएँ.
- सतह को **10-12** घंटे सूखने दें.
- उत्पाद का टिकाऊपन बढ़ाने, बेहतर चमक और किसी भी प्रकार की क्षति से लम्बे समय तक रक्षण के लिए पारदर्शी सिलिकॉन कोटिंग का एक कोट लगा सकते हैं (प्रोटेक्शन कोट).



ऑरेंज पील फिनिश
**BWSF2002**

- ब्रश या सपाट रोलर से बिरला व्हाइट प्राइमर का एक कोट लगाएँ.
- इस पर ब्रश या रोलर की मदद से टेक्स्टुरा आरएफ मटीरियल (**45-50%** पानी मिक्स) का एक कॉट लगाएँ.
- बेस कोट सतह को **3-4** घंटे सूखने दें.
- **42-50%** पानी मिलाकर बिरला व्हाइट स्प्रे फिनिश टेक्स्टुरा तैयार करें.
- एकसमान मिक्सिंग के बाद प्रयुक्त मटीरियल पर एयरलेस स्प्रे गन की मदद से सतह के ऊपर से नीचे तक मटीरियल प्रयोग करें और एकसमान व मनचाही डिजाइन पाएँ (बबल रूप में)
- ऑरेंज पील फिनिश पाने के लिए प्रयुक्त बबल को ट्रॉवेल की मदद से दबाएँ.
- सतह को **10-12** घंटे सूखने दें, उसके बाद ही पेंट/ डिस्टेम्पर लगाएँ.
- अंतिम फिनिश पाने के लिए सतह पर मेटालिक सिल्वर कलर (चित्र में दिखाया) पेंट या कोई वांछित कलर लगाएँ.
- उत्पाद का टिकाऊपन बढ़ाने, बेहतर चमक और किसी भी प्रकार की क्षति से लम्बे समय तक रक्षण के लिए पारदर्शी सिलिकॉन कोटिंग का एक कोट लगा सकते हैं (प्रोटेक्शन कोट).

## सावधानियाँ:

- केवल उन्ही सतहो पर प्रयोग करें जो सुदृढ, साफ़, सूखी और किसी प्रकार के अवशेष/ धूल से मुक्त हो, जो सतह से इस उत्पाद की जुड़ाव क्षमता को बाधित करे. अत्यधिक नमी या अत्यधिक ट्राफिक वाली जगहो में सीमेंट आधारित सीलर प्रयोग करना चाहिए.
- बैग से टेक्स्टुरा मटीरियल बाहर निकालने से पहले उसे अच्छी तरह से हिला दें.
- प्रयोग से पहले गीला कर दें ताकि मटीरियल जल्दी सूख न जाए.
- परिवेश का तापमान 10° से. से कम हो या प्रयोग के बाद 4 घंटे में तापमान इस स्तर से नीचे गिरने की सम्भावना हो तो प्रयोग न करें.
- थिनिंग की सलाह नहीं दी जाती है. सिर्फ़ आवश्यक मात्रा में मिक्स तैयार करना चाहिए, जो 60 मिनट में प्रयोग हो सके.
- मटीरियल को लम्बे समय तक खुला न छोड़ें.
- लगातार सीपेज या गीलेपन की शिकार सतहों पर यह उत्पाद प्रयोग नही हो सकता.
- प्रयोग से पहले अच्छे से हिलाएँ.

## सुरक्षा उपाय:

- बिरला व्हाइट टेक्स्टुरा -टीएफ और टेक्स्टुरा आरएफ/एसएफ पैक को बच्चों की पहुंच से दूर सूखी जगह पर रखें.
- इसे निगलना हानिकारक है. मुँह मे चले जाने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें.
- प्रयोग के दौरान आँखो के रक्षण उपकरण पहनें.
- आँखों में चले जाने पर तुरंत भरपूर पानी से धोएँ और चिकित्सा सलाह लें. त्वचा से स्पर्श होने पर तुरंत भरपूर पानी और साबुन से धोएँ.
- परेशानी बढ़ने या बनी रहने पर चिकित्सा सहायता लें. भाप या स्प्रे को सांस में न जाने दें.
- सैंडिंग और सतह तैयारी के दौरान उपयुक्त नोज पैड पहनें, ताकि धूल सांसो में न जाए.



Birla White
Textura

बिरला व्हाइट - अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की ईकाई
9वाँ माला, बिरला सेंचुरियन, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुम्बई – 400030
टेलीफोन बोर्ड नं. : 022- 68540444 / 50365111
वेबसाइट: www.birlawhite.com | टोल फ्री नं. 1800 11 1717
www.facebook.com/BirlaWhiteCement | twitter.com/BirlaWhite

यहाँ स्कैन करें

